दिनांक 21.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर के निर्देश पर स्वास्थ्य प्रभारी ने बुलाई आपात बैठक

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र के निर्देश पर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू द्वारा स्वाईन फ्लू एवं डेंगू के रोकथाम हेतु आपात बैठक बुलाई गई , जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी , सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक , स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। जिसमें विशेष तौर पर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की टीम को सघन अभियान चलाते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर आवारा सुअरों को जब्ती कर सुअर मालिको के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये साथ ही विभागीय अधिकारियों को शीघ्र आवारा सुअरों को पकड़ने हेतु टीम को नियुक्त करने हेतु निर्देश दिये गये। सुअर पालकों से अपील की गई कि वे अपने सुअरों को सुअर पालन के निर्धारित स्थान पर ही रखें अन्यथा आवारा घुमते हुए सुअरों पर की गई जब्ती की कार्यवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे साथ ही सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों, स्वास्थ्य सहायकों, मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर सर्वेक्षण कार्य करें तथा इसकी जानकारी निगम के साथ-साथ क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रो को भी उपलब्ध करावें। और जन जागरण हेतु पाम्पलेट, बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर हर हालात में रोग नियंत्रण के प्रयास सतत् जारी रखें।